| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Business Remedies | Jaipur | 22.08.2024 |

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502
**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान
फोनः +91-2961 - 231251 - 52, +91-2962 - 302400; फैक्सः +91-2961-231254
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सेक्टर – 1, नोएडा - 201301, (उ.प्र.)
फोनः +91-120-4390300 (EPABX); फैक्सः +91-120-4277841
ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड **("कम्पनी")** की 17वीं वार्षिक आम बैठक **("एजीएम") शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024 को 2:00 बजे अपराह्न** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, 17वीं एजीएम की सूचना, जिसे नियत समय पर प्रेषित किया जाएगा, में निर्दिष्ट व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय **("एमसीए")** द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांकित 25 सितम्बर, 2023 के साथ पठित इस संबंध में एमसीए द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् **"एमसीए परिपत्रों"** के रूप में संदर्भित) एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड **("सेबी")** द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांकित 7 अक्टूबर, 2023 के साथ पठित इस संबंध में सेबी द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (इसके पश्चात् **"सेबी परिपत्रों"** के रूप में संदर्भित) (एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों को सामूहिक रूप से **"लागू परिपत्र"** के रूप में संदर्भित किया जाता है) के अनुपालन में कम्पनियों को 30 सितम्बर, 2024 तक एजीएम का आयोजन, सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। तदनुसार, कम्पनी अधिनियम, 2013, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 तथा लागू परिपत्रों के साथ पठित इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमन के अनुपालन में, कम्पनी की 17वीं वार्षिक आम बैठक वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। अतः सदस्य एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं।

वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट मात्र उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी **("डीपी")** के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए **bttl.investor@lnjbhilwara.com** पर अनुरोध करेंगे। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in** पर, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड **("एनएसडीएल")** (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें, कम्पनी की 17वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से, **शनिवार, 14 सितम्बर, 2024 से शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024 (दोनों दिवस सम्मिलित)** तक बंद रहेंगे।

कम्पनी अपने सदस्यों को, एनएसडीएल के माध्यम से एजीएम में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में, रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। **शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024 की कट–ऑफ तिथि** तक भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग अवधि **मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024 (9:00 बजे पूर्वाह्न) से आरम्भ होगी** एवं **बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर, 2024 (5:00 बजे अपराह्न) को समाप्त होगी।** इसके उपरान्त एनएसडीएल द्वारा वोटिंग हेतु ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा। जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वे कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट **("आरटीए")** अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड या अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी **("डीपी")** के माध्यम से इसे पंजीकृत/अद्यतन करवा सकते हैं एवं एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एजीएम में मतदान के साथ ही रिमोट ई–वोटिंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024 की कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डीमैट रूप में या भौतिक रूप में शेयर रखने वाले लाभकारी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज है, वह एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एजीएम में मतदान के साथ ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु एजीएम में भाग लेने तथा रिमोट ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा 022 – 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। सदस्य कम्पनी को **bttl.investor@lnjbhilwara.com** पर लिखकर एवं ईमेल कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों(ओं) एवं सेबी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**अवनीष मौर्य**
**कम्पनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**सदस्यता संख्याः एसीएस–49392**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांकः 21 अगस्त, 2024**